


आ अब लौट चलें... ढलती सांझ की सुनहरी आभा में नहाया यह मनोरम दृश्य भीलवाड़ा शहर के कोटा रोड का है। आसमान में उड़ते कपोत मानो प्रकृति की इस शांति भरी वेला में लौटने का संदेश दे रहे हों- आ अब लौट चलें...

(फोटो साभार : राजेश जीनगर)

## SIR में वोट चोरी का षड्यंत्र!

### गहलोत बोले-राजस्थान में लोकतंत्र का चीरहरण, फर्जी दस्तावेजों से जनादेश पर डकैती

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में मतदाता पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को लेकर सियासत गरमा गई है। अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा में भाजपा के बूथ लेवल एजेंट (BLA) के नाम पर एक ही दिन में 1383 फर्जी आपत्तियां दर्ज होने के मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसे लोकतंत्र पर सुनियोजित हमला बताया है।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि राजस्थान में लोकतंत्र का चीरहरण किस स्तर पर हो रहा है, रामगढ़ का मामला उसका जीता-जागता सबूत है। गहलोत ने कहा कि भाजपा के BLA के नाम से दी गई 1383 आपत्तियों में जब स्वयं BLA हस्ताक्षर से इनकार कर रहे हैं, तो यह केवल वोट चोरी नहीं बल्कि कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जनादेश पर डकैती डालने का षड्यंत्र है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में इसी तरह के प्रयास हुए, जिनका अब भंडाफोड़ हो रहा है।

गहलोत ने इस मामले में प्रशासन और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन से मांग की कि इस जालसाजी में शामिल लोगों और मूकदर्शक बने अधिकारियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को टैग करते हुए कहा कि भाजपा ने SIR प्रक्रिया को वोट काटने और लोकतंत्र की हत्या का हथियार बना लिया है।



डोटासरा ने आरोप लगाया कि बाड़मेर में एक व्यक्ति द्वारा 188 वोटरों के नाम पर फर्जी आपत्तियां, रामगढ़ में 1383 ऑफलाइन आपत्तियां, फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी मोबाइल नंबर और बल्क फॉर्म जमा कराना इस बात का प्रमाण है कि नियमों को ताक पर रखकर व्यापक फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि राजस्थान में वोटों की चोरी नहीं, बल्कि खुली लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में भाजपा के BLA के नाम पर हजारों फर्जी आपत्तियां देकर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की गई और अब मामला उजागर होने पर संबंधित लोग खुद इससे मुकर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि SIR प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो यह प्रदेश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद खतरनाक साबित होगा। पार्टी ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई है।

## मोटरसाइकिल चोरी गिरोह का पर्दाफाश, 12 बाइक बरामद



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अति. पुलिस अधीक्षक पारस जैन के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी बाबूलाल के सुपरविजन में थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की कुल 12 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पुलिस ने बताया कि 14 जनवरी को परिवादी सिकन्दर निवासी चमन चौराहा, बिगोद ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बाइक माण्डलगढ़ कोर्ट परिसर के बाहर से चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की । पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर तकनीकी व मनोवैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की। कार्रवाई के दौरान राजकुमार मेवाड़ा (40) निवासी पारसोली, चित्तौड़गढ़ एवं सद्दाम हुसैन (32) निवासी पारसोली, चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अन्य 11 बाइके चोरी करना स्वीकार किया, जिनकी निशानदेही पर बरामदगी कर जब्ती की गई।

बरामद बाइके माण्डलगढ़, गोवटा माताजी क्षेत्र, पारसोली, कपासन, बिगोद सहित विभिन्न स्थानों से चोरी की गई थीं। पुलिस द्वारा आरोपियों से आगे भी पूछताछ जारी है।

## फर्जी आर्मी अफसर बनकर युवाओं से ठगी करने वाला गिरफ्तार

### आर्मी इंटेलिजेंस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, सेना भर्ती के नाम पर वसूली करता था आरोपी

**भीलवाड़ा फोकस @ गर्वित**

सेना में भर्ती कराने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले एक शातिर युवक को पुलिस ने आर्मी इंटेलिजेंस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी आर्मी की वर्दी पहनकर खुद को सेना का अधिकारी बताता था और इसी पहचान का दुरुपयोग कर युवाओं को अपने जाल में फंसाता था।

कोटा पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 17 जनवरी को नेहरू गार्डन, नयापुरा क्षेत्र में आर्मी इंटेलिजेंस टीम को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर एक युवक को डिटेन किया, जो आर्मी की वर्दी में खुद को सेना का अधिकारी बता रहा था। पूछताछ के दौरान वह अपने बारे में संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाया, जिस पर उसे थाना नयापुरा लाया गया।

पुलिस जांच में आरोपी की पहचान महेश गिर पुत्र प्रकाश गिर (22 वर्ष) निवासी जडवासा, पीपलोदा, रतलाम (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई। संयुक्त पूछताछ में सामने



आया कि आरोपी आर्मी की वेशभूषा पहनकर आर्मी एरिया और नेहरू गार्डन के आसपास घूमता था और बेरोजगार युवाओं को सेना में भर्ती कराने का झांसा देकर उनसे रुपये ऐंठता था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर, कोटा के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उसने कितने युवाओं से ठगी की और इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सेना या अन्य सरकारी भर्ती के नाम पर किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दलालों के झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत पुलिस को सूचना दें।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

## फोरलेन पर पलटी तेज रफ्तार बोलेरो, 13 मजदूर घायल

### खान पर जा रहे श्रमिकों से भरा वाहन अनियंत्रित होकर हुआ हादसे का शिकार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित ।** जिले के सुकेत थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। हिरियाखेड़ी स्थित फोरलेन पर तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वाहन में सवार 13 मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 11:30 बजे हुई। बोलेरो में सवार सभी मजदूर सुकेत से चेचट क्षेत्र में खान पर मजदूरी के लिए जा रहे थे। बताया गया कि वाहन का शाफ्ट नीचे लटक रहा था, जो अचानक सड़क से टकरा गया। इसी दौरान चालक ओवरटेक कर रहा था, जिससे बोलेरो संतुलन खो बैठी और पलट गई।



हादसे की सूचना मिलते ही राजस्थान पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मजदूरों को झालावाड़ जिला अस्पताल रेफर किया गया।

इस संबंध में झाबर सिंह ने बताया कि बोलेरो पुराना मॉडल है। प्रारंभिक जांच में ब्रेक फेल होने से वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने की बात सामने आई है। एक मजदूर को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य को हल्की चोटें लगी हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# शाहपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज

## 25 जनवरी को धरती देवरा में होगा भव्य आयोजन, मातृशक्ति ने किया पोस्टर विमोचन



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

देशभर में आयोजित हो रहे शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में ठाकुर बाबा बस्ती द्वारा 25 जनवरी को धरती देवरा में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन मातृशक्ति के करकमलों से संपन्न हुआ।

हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मोड़ूराम ने बताया कि यह विराट आयोजन संत प्रकाश दास महाराज एवं महेश मणि चैतन्य महाराज (मंदसौर) के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। सम्मेलन की शुरुआत रामद्वारा परिसर से एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जो विभिन्न धार्मिक झांकियों, अखाड़ा प्रदर्शन, बैंड-बाजा, डीजे, ऊंट-घोड़े के साथ नगर भ्रमण करते हुए धरती देवरा पहुंचेगी। धरती देवरा पहुंचने के पश्चात विशाल आम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संतों के प्रवचन, सामाजिक संदेश और राष्ट्र व संस्कृति से जुड़े विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रतिभाओं का सम्मान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। आयोजन के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

महिला संयोजिका प्रभा देवी ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए महिलाओं की विशेष टोलियां गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र वितरित कर रही हैं। इसके साथ ही महिलाओं से संपर्क कर कलश यात्रा की तैयारियां भी की जा रही हैं। सम्मेलन को लेकर समाज के हर वर्ग में उत्साह है और कार्यकर्ता प्रत्येक व्यक्ति से संपर्क कर अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# विशाल हिंदू सम्मेलन से पूर्व बिजौलिया में निकली दुपहिया वाहन रैली, 400 से अधिक वाहन शामिल



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**(रमेश गुर्जर)।** नगर में रविवार को आयोजित होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन से पूर्व शनिवार सायं सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में बिजौलिया नगर में एक भव्य दुपहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वजों से सजे वाहनों और गगनभेदी जयघोषों के साथ निकली इस रैली से पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बन गया।

रैली का शुभारंभ थानेश्वर महादेव मंदिर से भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। रैली नगर के प्रमुख मार्गों-सब्जी मंडी, केसरगंज, फूटा कोट, चारभूजा मंदिर, रावला चौक, पंचायत चौक, चारण माता मंदिर, खटिक मोहल्ला, बूंदी रोड एवं बालाजी चौराहा से होती हुई पुनः थानेश्वर महादेव मंदिर स्थित सभा स्थल पर संपन्न हुई।

रैली में बिजौलिया नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार रैली में 500 से अधिक दुपहिया वाहन सम्मिलित रहे। अग्रिम पंक्तियों में केसरिया पगड़ी धारण किए बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही, वहीं युवाओं में खासा जोश, अनुशासन और उत्साह देखने को मिला।

रैली के दौरान भगवा ध्वज लहराते हुए भारत माता की जय और हिंदू एकता जिंदाबाद जैसे नारों से नगर गूंज उठा। मार्ग में कई स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया गया। रैली के समापन पर सभा स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बजरंग दल द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के अखिल भारतीय अभियान 'चलो खेले कबड्डी - हिंदू युवाओं को बलवान करें' के अंतर्गत युवा दिवस के अवसर पर भीलवाड़ा महानगर द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बी.एस. राणावत बास्केटबॉल स्टेडियम, चित्रकूट धाम में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूज्य महंत मोहन शरण जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर संघचालक कैलाश खोईवाल, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल एवं प्रांत पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा महानगर की कुल 20 टीमों ने भाग लिया।

महानगर संयोजक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल के माध्यम से युवाओं को शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाना, उनमें राष्ट्रभाव विकसित करना तथा संघर्षशील जीवन के लिए प्रेरित करना है। साथ ही युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया गया। महानगर मंत्री ने कहा कि बजरंग दल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने के लिए निरंतर ऐसे आयोजनों का आयोजन करता रहा है।

प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें तात्या टोपे, माधव, सवाईभोज, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, महर्षि वाल्मिकी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, बप्पा रावल, राणा सांगा, अशोक सिंघल, हेमू कालाणी, बाल गंगाधर तिलक, संत कबीर दास, केशव बलिराम, सुभाष चंद्र बोस एवं चंद्रशेखर आज़ाद नामक टीमों के खिलाड़ी शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रांत, विभाग एवं महानगर स्तर के पदाधिकारी तथा सातों प्रखंडों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रांत पदाधिकारी द्वारा रखी गई, जबकि संचालन महानगर कार्यकर्ता ने किया।

# बनकाखेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर, 68 मरीजों की हुई जांच



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के बनकाखेड़ा गांव में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के कुल 68 मरीजों की जांच की गई। यह शिविर बनकाखेड़ा निवासी जनसेवक सांवरमल जाट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जीबीएच जनरल अस्पताल एंड मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया गया।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बनकाखेड़ा परिसर में किया गया। शिविर में जनरल लैप्रोस्कोपी एवं बेरियाट्रिक सर्जरी, नवजात, बाल एवं शिशु रोग, नाक-कान-गला रोग, जनरल मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नेत्र रोग, मनोचिकित्सा, वक्ष एवं क्षय रोग सहित विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर में जांच के दौरान कुल 68 मरीजों में से 20 महिलाएं एवं 48 पुरुष शामिल रहे। चिकित्सकों द्वारा जांच उपरांत 20 मरीजों के नेत्र ऑपरेशन, 10 महिलाओं के गर्भाशय ऑपरेशन, 2 मरीजों के सिर, 2 के हड्डी तथा 8 मरीजों की गांठ से संबंधित शल्य चिकित्सा की आवश्यकता चिन्हित की गई। इन सभी मरीजों का उपचार एवं ऑपरेशन उदयपुर स्थित जीबीएच जनरल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज में पूर्णतः निःशुल्क किया जाएगा, जिसके लिए मरीजों को निःशुल्क ले जाया जाएगा।

# स्पर्श संस्था का स्नेह मिलनः लोक खेलों, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और मानवीय संवेदना को समर्पित स्पर्श संस्था द्वारा आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में लोक परंपराओं, सेवा कार्यों और सामाजिक सहभागिता का प्रेरक संगम देखने को मिला। पारंपरिक लोक खेलों और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से संस्था ने समाज में आपसी सौहार्द, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोक खेल सितोलिया एवं पतंगबाजी का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लोक खेलों के माध्यम से भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को प्रोत्साहित किया गया और पर्यावरण संरक्षण तथा सामूहिक आनंद का संदेश भी दिया गया। पूरा आयोजन उल्लासपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ।

स्नेह मिलन के अवसर पर संस्था ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए कच्ची बस्ती के जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े, जूते, कंबल, दरियां एवं तिल-गुड़ की मिठाइयां वितरित कीं। इस सेवा कार्य के माध्यम से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखरी और कार्यक्रम ने मानवीय करुणा एवं सहभागिता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया।

संस्था की अध्यक्षा शेफाली गोयल ने कहा कि लोक खेल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने पतंग के प्रतीकात्मक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार पतंग निरंतर ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होती है, उसी प्रकार स्पर्श संस्था भी नारी उत्थान और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम के संचालन में अंजू का विशेष सहयोग रहा, जबकि सामग्री वितरण में शिल्पा भरतिया का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर लाजो, चाहत, मीनू जैन, सुनैना, प्रिया, पूजा कोठारी, सीमा जोशी, निराली मोदी, शिल्पा भरतिया, सोनू अग्रवाल सहित संस्था की अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# अखिल भारतीय संकल्प सामाजिक सेवा संस्था में नई नियुक्ति, लढा युवा विभाग अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अखिल भारतीय संकल्प सामाजिक सेवा संस्था द्वारा गोपाल लढ़ा पिता शिवलाल लढ़ा को युवा विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर भीलवाड़ा व राजस्थान प्रदेश इकाई द्वारा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। संस्था के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में युवा विभाग सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगा।






# पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़ की स्मृति में सेवा का महायज्ञ

## कंबल, स्कूल बैग, गौसेवा के बाद आज होगा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन





पूर्व विधायक स्व. विवेक धाकड़


कंबल वितरण


अस्पताल में फल फ्रूट वितरण


सेवा कार्य में जुटे कार्यकर्ता


विधालय में स्कूल बैग का वितरण


महुआ में बच्चो को स्कूल बैग का वितरण


महुआ में गो सेवा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**कपिल श्याम विजय / नरेश धाकड़**

मांडलगढ़ के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति को जनसेवा से जोड़ते हुए विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय परोपकार दिवस के रूप में व्यापक जनहितार्थ सेवा कार्यों का शनिवार को आयोजन किया गया। स्वर्गीय विवेक धाकड़ के द्वितीय जन्मदिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में 'आपणो विवेक' की भावना के साथ सेवा, संवेदना और समर्पण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

परोपकार दिवस के प्रथम दिन शनिवार को मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर जरूरतमंद परिवारों को कंबल, विद्यार्थियों को स्कूल बैग, मरीजों को फल वितरित किए गए, वहीं गौशालाओं में गायों को लापसी एवं हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई। पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ द्वारा स्थापित इस ट्रस्ट की ओर से सेवा कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए दो टीमों का गठन किया गया। प्रथम टीम ने इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ के नेतृत्व में चामुंडा माताजी गोशाला बिगोद, मुरलीधर बोहरा गोशाला लक्ष्मी खेड़ा तथा तिलस्वानाथ गोशाला इंद्रपुरा में गायों को लापसी एवं हरा चारा खिलाया। साथ ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उन्द्रो का खेड़ा एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंडोल में अध्ययनरत



लगभग 300 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए तथा विंध्यवासिनी माताजी मंदिर बिजौलिया और गोवटा माताजी मंदिर में जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए।

इसी क्रम में ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ के नेतृत्व में गठित दूसरी टीम ने उप जिला चिकित्सालय मांडलगढ़ में मरीजों को फल वितरित किए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हाड़ी का खेड़ा में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए तथा श्रीराम गोशाला महुआ एवं द्वारकाधीश गोशाला काछोला में गौसेवा की। इसके अतिरिक्त बिजासन माताजी मंदिर मेघपुरा-बिकरण क्षेत्र में लगभग 400 जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सर्दी से राहत पहुंचाई गई।

कार्यक्रम के दौरान उप प्रधान कैलाश धाकड़, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायणलाल धाकड़, धाकड़ समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक सम्मेलन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, थडोदा ग्राम पंचायत प्रशासक राजेश धाकड़, आदर्श विद्यापीठ सचिव रमेश धाकड़, खनन व्यवसायी वीरेंद्र धाकड़, एडवोकेट रामफूल धाकड़, एडवोकेट मनीष धाकड़, महिला जिला अध्यक्ष संजू धाकड़ , नरेश तंवर, सुनील शर्मा, प्रदीप शर्मा, दिनु पालीवाल, मनीष टॉक, किशन पहाड़िया, बाबू नायक, रामेश्वर सेन, गोपाललाल मेघवाल, मुकेश खटिक, रंजीत सिंह कानावत, कपिल सोनी, सुनील धाकड़, शंकरलाल धाकड़, दुर्गेश धाकड़, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वहीं दीपशिखा धाकड़ की टीम के साथ महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मीना सोनी, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन जफर टांक, पूर्व पार्षद अल्का लढ्ढा, पंचायत समिति सदस्य गोपाल गुर्जर, उप प्रधान बंटी धाकड़, किसान कांग्रेस अध्यक्ष शंभूलाल जाट नंदलाल कुमावत, संपत जाट, विनोद कंजर, भंवर धाकड़ (पूर्व पंचायत समिति सदस्य), रामपाल धाकड़, लोकेंद्र सिंह, राजू सिंह (पूर्व सरपंच बिकरण), रामलाल भील (श्रीनगर), भगवतीलाल वर्मा, सतु सालवी, प्रदीप मीणा, देवराज रायका सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आज होगा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर

परोपकार दिवस के दूसरे दिन रविवार, को जनसेवा की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा द्वितीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जीबीएच-सिम्स हॉस्पिटल एवं गोमाबाई नेत्रालय मानव सेवा संस्थान के सहयोग से सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज धर्मशाला, त्रिवेणी संगम, मांडलगढ़ में


गो सेवा करती ट्रस्ट चेयरमैन दीप शिखा धाकड़

किया जाएगा, जहां क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में सामान्य रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, हृदय रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, त्वचा रोग, मूत्र रोग, अस्थि रोग, फिजियोथेरेपी एवं आहार परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जांच, निःशुल्क दवाइयां तथा मोतियाबिंद (जाला) ऑपरेशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

ट्रस्ट ने शिविर में आने वाले मरीजों से अपील की है कि वे अपनी पुरानी डॉक्टर की पर्ची, जांच रिपोर्ट, आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं, जिससे उपचार प्रक्रिया सरल हो सके।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



# पूर्व विधायक विवेक की जयंती पर गौसेवा, चामुण्डा माता गौशाला में चारा वितरण

## परोपकार ही सबसे बड़ा मानव धर्म है - दीपशिखा धाकड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

स्थानीय चामुण्डा माता गौ शाला में स्वर्गीय विवेक धाकड़ के जन्मदिवस के अवसर पर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय परोपकार सेवा कार्य का शुभारंभ किया गया। आयोजन के प्रथम दिवस गौशाला में पशुओं को चारा खिलाकर गौसेवा की गई।



इस अवसर पर चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा दीपशिखा धाकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा मानव धर्म है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय विवेक धाकड़ जिस मानव सेवा भाव से जीवनभर कार्यरत रहे, उसी भावना को आगे बढ़ाना ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि धार्मिक एवं राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर तन, मन और धन से मानव सेवा के कार्यों में सहभागिता करें।

कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख कन्हैयालाल धाकड़, योगेश सोनी, असलम नागोरी, मोहनलाल खटीक सहित अनेक समाजसेवी एवं ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने गौसेवा को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करने का संकल्प लिया।

# जीव दया का अनुपम उदाहरणः राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने किया गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा शनिवार को जीव दया प्रोजेक्ट के अंतर्गत हरणी महादेव रोड पर स्थित कृष्ण गोशाला पर गौ सेवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और गौ माताओं की सेवा कर मानवता व करुणा का संदेश दिया।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया की सुबह 8 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में गोशाला में रह रही गायों को लापसी, हरा चारा, गुड़ एवं पौष्टिक आहार खिलाया गया। साथ ही गोशाला परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया।




परिषद सदस्यों ने गौ सेवा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए इसे मानव अधिकारों से जुड़ा हुआ नैतिक कर्तव्य बताया।

कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी ललित आंचलिया व सुनील बालर ने कहा कि गौ सेवा से समाज में करुणा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों का विकास होता है। जीव दया जैसे प्रकल्प समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। जीवों के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची मानव सेवा है, और ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा भावना को नई ऊर्जा मिलती है। जीव दया केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और करुणा का विस्तार है। परिषद भविष्य में भी ऐसे सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में परिषद के जिला मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, पूर्व पार्षद सुरेश बंब, विजय आंचलिया, सीए बलबीर डागलिया, ज्ञानचंद पगारिया, रतन देसरडा, सुनीता गांधी, विजय आंचलिया, अंकित सोमानी, रिखबचंद पीपाड़ा, आकाश कुमार, मितेश गोलेछा, अरुण कुमार, अनिल नंदावत, सौरभ कुमार, संजय चंडालिया, प्रतीक, मनोज कोठारी, कृष कुमार, आदित्य सहित परिषद सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौ भक्त उपस्थित रहे।

# संकटग्रस्त राज्य पशु ऊँट के संरक्षण पर सरकार गंभीर हो, उठाए कोई ठोस और प्रभावी कदम

## पीएफए सिरोही व महावीर ऊँट विहार संस्थान का सराहनीय योगदान, ऊँटों की संख्या घटकर मात्र 20 प्रतिशत रह गई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(पंकज पोरवाल)** । राजस्थान के राज्य पशु ऊँट की संख्या तेजी से घटकर मात्र 20 प्रतिशत रह जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पीपल फॉर एनिमल के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने सरकार से ऊँट संरक्षण के प्रति ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते राज्य पशु को संरक्षण प्रदान नहीं किया गया तो आने वाले समय में ऊँट केवल पुस्तकों और तस्वीरों में ही दिखाई देगा। सिरोही ज़िले में पीपल फॉर एनिमल सिरोही एवं महावीर ऊँट विहार संस्थान के भीलवाड़ा से सिरोही पहुंचकर



निराश्रित बीमार पशुगृह एवं ऊंट संरक्षण केंद्र का अवलोकन के बाद जाजू ने कहा कि निराश्रित एवं बीमार ऊँटों के संरक्षण और उपचार में ये संस्थाएँ सराहनीय कार्य कर रही हैं। वर्तमान में इन संस्थाओं द्वारा 271 ऊँटों की सेवा-देखभाल, चारा-पानी एवं चिकित्सा व्यवस्था की जा रही है जो अद्भुत है। इनके द्वारा ऐसे ऊँटों को संरक्षण दिया जाता है जिन्हें अवैध रूप से बांग्लादेश एवं खाड़ी के देशों में कटने के लिए ले जाया जा रहा होता है। इनके द्वारा घायल एवं बीमार ऊँटों का इलाज कर उन्हें नया जीवन दिया जा रहा है। जाजू ने राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं पशुपालन मंत्री से मांग की कि राज्य पशु ऊँट संरक्षण हेतु कार्यरत संस्थाओं को विशेष सहायता एवं अनुदान दिया जाए। उन्होंने परंपरागत रूप से ऊँट पालन करने वाली रेबारी जाति को अधिक अनुदान एवं प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की आवश्यकता बताई। सिरोही के जसराज श्रीश्रीमाल ने बताया कि किसी भी लावारिस ऊंटों को संरक्षण के लिए सिरोही भेजा जा सकता है, संस्था उनका संरक्षण करने के लिए तैयार है। इस दौरान पीएफए भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष सुनील जागेटिया एवं गोपाल बांगड़, सिरोही के जिलाध्यक्ष भरत सिंघवी, चंद्रभान मोटवानी, आशुतोष पटनी, मनोहर सिंह एवं महिपाल आदि मौजूद रहे।

# श्री आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को श्री आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि प्रातःकाल श्री पदम प्रभु, श्री आदिनाथ भगवान सहित मंदिर में विराजित सभी प्रतिमाओं पर श्रावकों द्वारा बारी-बारी से महामस्तकाभिषेक किया गया। इसके पश्चात लक्ष्मीकांत जैन एवं विनय कुमार जैन द्वारा श्री पदम प्रभु भगवान



पर, ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा श्री आदिनाथ भगवान पर तथा प्रकाश अग्रवाल द्वारा श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की गई। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा संपन्न हुई।

इसके उपरांत निर्वाण कांड के पाठ के साथ श्री आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक अवसर पर सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। बधाई गीतों के साथ महिलाओं ने भक्ति भाव से नृत्य किया।

कार्यक्रम के अंत में श्री आदिनाथ भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं ने अर्घ समर्पित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# राष्ट्र सेविका समिति ने विद्यार्थियों को कराया सूर्यनमस्कार



**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**

**महावीर वैष्णव** । युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा कस्बे के लिटिल स्टार कान्वेंट स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपखण्ड कार्यवाहिका मीनाक्षी सोनी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक लाभ बताए गए। विद्यालय के 85 विद्यार्थियों ने एक साथ 410 बार सूर्य नमस्कार किया। शिवम सोनी एवं अरनव सोनी ने अभ्यास करवाया। प्रधानाचार्य आदित्य जैन सहित विद्यालय परिवार ने आयोजन की सराहना करते हुए समिति का आभार व्यक्त किया।

# विशाल हिंदू सम्मेलन : आज धार्मिक शोभायात्रा व धर्मसभा का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**नरेश धाकड़** । सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में नगर में 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 11 बजे चारभुजा मंदिर चौक से भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे थानेश्वर महादेव मंदिर परिसर पुलिस थाना बिजौलिया के पास विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा।

धर्मसभा में पंचमुखी हनुमान दरबार, भट्टों का बामनिया के गुरुदेव महेंद्र जी भट्ट का ओजस्वी उद्बोधन होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक



संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है।

## QUICK BITES

# तालुका विधिक सेवा समिति के निर्देश पर शक्करगढ़ चौराहे पर न्याय आपके द्वार शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




**मानव तिवाड़ी।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार शुक्रवार को 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत लोक उपयोगिता से जुड़ी समस्याओं के सुलभ एवं त्वरित समाधान हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर क्षेत्र के नरेगा कार्यस्थल, शक्करगढ़ चौराहा पर आयोजित हुआ। शिविर में पीएलवी अंजली नायक, एडवोकेट गौरव शर्मा एवं एडवोकेट दीपक मीणा ने श्रमिकों एवं आमजन को पेम्फलेट वितरित कर विधिक सेवाओं, लोक उपयोगिता सेवाओं तथा उनके समाधान की प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में राजकुमार शर्मा, संतोष देवी, शांति देवी, अनार देवी, नसीम बानू, सुशीला देवी, फूला देवी, भैरी देवी, राधा देवी, लाड़ देवी, कमला देवी, धापू देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अंकित सोमानी मानव अधिकार परिषद के शहर अध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अंकित सोमानी को परिषद का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने के उद्देश्य से की गई है।




नियुक्ति की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने कहा कि अंकित सोमानी सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और मानव अधिकारों के संरक्षण, जन समस्याओं के निराकरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनका अनुभव परिषद के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उनके नेतृत्व में शहर स्तर पर परिषद की गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

नवनियुक्त शहर अध्यक्ष अंकित सोमानी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे परिषद द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे तथा मानव अधिकारों की रक्षा के लिए आमजन की आवाज़ को मजबूती से उठाएंगे।

# गुरु रविदास जयंती के पोस्टर का विमोचन, समरसता का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**



मांडलगढ़ विधायक गोपाल जी खंडेलवाल द्वारा पोस्टर विमोचन करते हुए



मांडल विधायक उदयलाल भडाणा द्वारा पोस्टर का विमोचन करते हुए

ऐरवाल रैदास समाज द्वारा आगामी 1 फरवरी को त्रिवेणी संगम पर गुरु संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती आयोजन की तैयारियों के तहत पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में गोपाल खंडेलवाल एवं उदयलाल भड़ाणा ने गुरु रविदास जयंती के पोस्टर का विमोचन कर समाज में समरसता, समानता एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर ऐरवाल रैदास समाज गुरु रविदास मंदिर निर्माण समिति त्रिवेणी संगम के अध्यक्ष धनराज ऐरवाल ने बताया कि दोनों विधायकों को गुरु रविदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। समिति के सचिव जीवन ऐरवाल ने बताया कि समाज द्वारा त्रिवेणी संगम पर यह तेरहवीं बार गुरु रविदास जयंती का आयोजन किया जा रहा है, जो सामाजिक एकता और गुरु भक्ति का प्रतीक है।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से गुरु रविदास जी के समता, प्रेम और मानवता के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।